FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 6 | **विषय : संस्कृत**

PAPER CODE : 6053 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – LS-607 - संस्कृत के नये-नये शब्दों के अर्थ संग्रह कर शब्द भण्डार में वृद्धि करते हैं।

गतिविधि 1. वस्तु संग्रहित करें

1) एषः कः ? 2) एषा का ? 3) एतत् किम् ?

शिक्षक बहुत सारे वस्तुओं को लेकर आयेंगे जो दैनिक जीवन में उपयोग में आते है। छात्र उन वस्तुओं को उठा–उठाकर उनके नाम संस्कृत में बताऐंगे। अभिनय के माध्यम से भी कुछ वस्तुओं को उठाकर संस्कृत में कहेंगे। जैसे एषः चषकः। गिलास उठाकर बताऐंगे फिर एक–एक छात्र को बुलाकर वस्तुओं के नाम संस्कृत में पुछेंगे। बार–बार शब्दों का उच्चारण भी करवाऐंगे। इससे छात्र–छात्राओं को शब्द ज्ञान एवं उच्चारण ज्ञान होगा एवं दैनिक जीवन में आने वाले वस्तुओं के नाम संस्कृत में जान पाऐंगे।

गतिविधि 2. ये कहाँ है

विहगाः कुत्र आसीनाः ? सरोवरे काः सन्ति ?

शिक्षक एक जंगल का चित्र कक्षा में लायेंगे। इसमें वृक्ष, नदी, पक्षी, तपस्वी लोग इन सभी का चित्र होंगे। छात्रों को पूछेंगे। कि संस्कृत में इन सभी को क्या कहते है। छात्र बताऐंगे, एक छात्र अपने स्थान से उठकर उस चित्र को दिखाते हुए अन्य छात्रों को भी उच्चारण करवाएगा। ऐसे सभी छात्र अपने स्थान से उठकर उस चित्र को देखकर संस्कृत उच्चारण करेंगे। चित्र के माध्यम से वाक्य निर्माण करेंगे।

गतिविधि 3. संख्या का खेल

सभी छात्र बाहर खेल मैदान में बिल्लस खेल के माध्यम से डिब्बा बनाकर संख्या खेलेंगे यदि लाइन पैर से छू लिया तो वह खेल से बाहर हो जाएगा। शिक्षक संख्या को तीनों लिंब में उच्चारण करवाऐंगे। खेल के दौरान छात्र संख्या का उच्चारण करना सीखेंगे। तीनों लिंब में संख्या ज्ञान होगा। जैसे –

1) 'एकः' कौन सा लिंब है?

2) 'एका' कौन सा लिंब है ?

3) 'एकम्' कौन सा लिंब है?

मैदान पर ऐसा बनाये

1	1
2	2
3	3
4	4
5	5
6	6
7	7

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – LS-611 - नए शब्दों के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते है और उसका अर्थ समझने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करते है।

गतिविधि 4. चित्र के माध्यम से

1) सः कः 2) सा का ? 3) तत् किम् ?

शिक्षक तीनों लिंग एवं वचन का कार्ड में चित्र बना हुआ या बनाकर लाऐंगे। उसमें पु. लिंग, स्त्री लिंग एवं न.पु. लिंग अलग कर रखेंगे। फिर पु.लिंग का चित्र दिखाकर छात्रों से उच्चारण करवाऐंगे। इसी प्रकार दोनों लिंग का भी अभ्यास करेंगे। ऐसे ही द्विवचन, बहुवचन का भी खेल के माध्यम से किया जाना है।

गतिविधि 5. करम कटट्ा

कटम कट्टा (अव्यय शब्द)

शिक्षक श्यामपट पर अनेक अव्यय शब्द लिखेंगे। फिर छात्रों की दो टीम बनाकर (। या ठ) उसमें से प्रत्येक टीम के छात्रों को उठाकर एक अव्यय शब्द बतऐंगे। उसकी समय सीमा निर्धारित होगी। आधा मिनट में छात्र को विचार कर एक अव्यय शब्द का उच्चारण करवाना है। वह अव्यय शब्द शिक्षक कहेंगे। दोनों टीम से जो विजेता होगा उसे सुधारखंड (चाक) देकर विजेता घोषित करेंगे।

गतिविधि 6. अंताक्षरी

अद्य का अर्थ हिन्दी में क्या होगा ?

कक्षा में छात्रों को अंताक्षरी के माध्यम से छात्रों को नये–नये शब्द बुलवाना है। जैसे एक छात्र ने, अद्य कहा तो दूसरा छात्र, श्व कहेगा। इस तरह से नये–नये शब्द छात्र कहेंगे। उच्चारण की शुद्धता का ध्यान रखना है। जिससे छात्रों में शब्दकोष का ज्ञान होगा एवं उच्चारण दोष का निवारण होगा।